# कान्हा टाइगर रिजर्व में प्रसिध्द बाघिन सुनैना की मौत, अंतिम संस्कार किया गया



**– कान्हा टाइगर रिजर्व में प्रसिध्द बाघिन सुनैना की मौत गहरे घावों के चलते आपसी संघर्ष में जान जाने की आशंका, अंतिम संस्कार किया गया**

मण्डला (ए.)। मंडला जिले के कान्हा टाइगर रिजर्व की मशहूर और सैलानियों की पसंदीदा बाघिन सुनैना (टी-122) अब नहीं रही। कान्हा रेंज की कन्हारी बीट में सिझोरा रोड के पास उसका शव मिला, जिससे वन विभाग और वन्यजीव प्रेमियों में शोक है। बाघिन का शव मिलते ही फील्ड डायरेक्टर रविन्द्र मणि त्रिपाठी और डॉक्टरों की टीम मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वॉड की मदद से पूरे इलाके की बारीकी से जांच की गई। शुरुआती पोस्टमार्टम रिपोर्ट और शरीर पर मिले गहरे घावों को देखकर विशेषज्ञों का मानना है कि सुनैना की मौत किसी दूसरे बाघ के साथ हुए संघर्ष (टेरिटोरियल फाइट) की वजह से हुई है। राहत की बात यह रही कि जांच के दौरान बाघिन के शरीर के सभी अंग सुरक्षित पाए गए हैं, जिससे शिकार जैसी किसी भी साजिश से इनकार किया गया है। हालांकि, मौत की असली वजह का पता लगाने के लिए विसरा के सैंपल फॉरेंसिक लैब भेजे गए हैं। करीब 10 साल की सुनैना कान्हा की सबसे चर्चित बाघिनों में से एक थी। उसे देखने के लिए देश-विदेश से पर्यटक खिंचे चले आते थे। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (NTCA) के नियमों के तहत अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। वन विभाग ने इस मामले में केस दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## *राजगढ़ः कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन*

*राजगढ (ए.)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में ब्यावरा ब्लॉक एवं शहर कांग्रेस द्वारा किसानों की गेहूं खरीदी, न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने तथा मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में बंद किए गए आवेदनों को पुनः शुरू करवाने की मांग को लेकर सोमवार को एसडीएम गोविंदकुमार दुबे को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में कहा गया कि ब्यावरा सहित संपूर्ण मध्यप्रदेश कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां अधिकांश जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। वर्तमान में विवाह का मौसम होने से किसानों पर आर्थिक दबाव बढ़ गया है, वहीं सरकार द्वारा गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाने से किसान मजबूरन अपनी फसल कम दामों में बेचने को विवश हो रहे हैं। कांग्रेस ने ज्ञापन में तुलना करते हुए बताया कि पड़ोसी राज्य राजस्थान में गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2735 रुपए प्रति क्विंटल है, जबकि मध्यप्रदेश में यह केवल 2625 रुपये निर्धारित है, जो किसानों के हित में पर्याप्त नहीं है। इसके अलावा मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में पूरे जिले में मात्र 200 जोड़े लेने का प्रावधान और बीपीएल कार्ड की अनिवार्यता को पूरी तरह अनुचित बताया गया। पार्टी ने मांग की कि योजना में जोड़ों की संख्या बढ़ाई जाए तथा बीपीएल अनिवार्यता को समाप्त किया जाए, ताकि जरूरतमंद परिवार लाभ से वंचित न रहें।ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. भारत वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राहुल दांगी, विष्णुदेव शास्त्री, जिला पंचायत सदस्य विश्वनाथ दांगी,शहर कांग्रेस अध्यक्ष कपिल शिवहरे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना भार्गव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमन अरोरा, पार्षद पूनम मेवाड़े, ज्ञानु विजयवर्गीय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*



### उज्जैन के डायल-112 हीरोज : त्वरित सहायता से बची परिवार की जान

उज्जैन (आरएनएस)। डायल-112 आपात परिस्थितियों में त्वरित सहायता और मानवीय संवेदनशीलता का सशक्त माध्यम है। उज्जैन जिले में सड़क दुर्घटना में घायल हुए एक ही परिवार के चार सदस्यों को समय पर अस्पताल पहुँचाकर डायल-112 जवानों ने जन-सेवा का सराहनीय उदाहरण प्रस्तुत किया। दिनांक 05 अप्रैल को उज्जैनजिले के थाना पंवासा क्षेत्र अंतर्गत माधोपुर चौराहा के पास पिकअप और मोटरसाइकिल की टक्कर में दम्पति एवं दो बच्चे घायल होने की सूचनाडायल-112 राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूमभोपालको प्राप्त हुई। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना पंवासा क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। मौके पर पहुँचकर डायल-112 स्टाफसैनिक रहीम एवं पायलट लोकेशने पाया कि पिकअप और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक दम्पति और दो बच्चे घायल हो गए थे।



## जल शक्ति से नव भक्ति अभियान के तहत जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना

मण्डला (ए.)। नवांकुर संस्था-तेजस्विनी महिला शक्ति संघ, नैनपुर द्वारा "जल शक्ति से नव भक्ति अभियान" के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसवाड़ा एवं ग्राम पंचायत झिरिया में जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह पहल ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सहयोग से संपन्न हुई। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, सचिव अशोक साहू, दयादास धरवैया, ब्रज नरेश मोंगरे, अंतराम साहू, वार्ड पंच श्रीमती गुड्डी बाई यादव, सरूपा साहू, रोजगार सहायक दीपक यादव, मोबिलाइज़र श्रीमती कलेश्वरी उलारी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। साथ ही बीएसडब्ल्यू/एमएसडब्ल्यू की छात्राएँ संध्या मसराम, शुरभी कुमरे एवं शिवानी यादव की भी सहभागिता रही। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष गीता सोलंकी एवं परामर्शदाता अंजय विश्वकर्मा ने अभियान के तीनों चरणों की विस्तार से जानकारी देते हुए जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। ग्राम के मुख्य चौराहे पर जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई, जिससे आमजन को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। ग्राम झिरिया में चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से जल गंगा संवर्धन एवं जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के अंत में उपाध्यक्ष श्रीमती गीता सोलंकी द्वारा सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।



## आगरमालवाः छेड़छाड़ कांड में फिर आया उबाल, ग्रामीणों का चक्काजाम





आगरमालवा,(ए.)। मध्य प्रदेश के आगरमालवा जिले के सोयतकलां में पिछले बुधवार को नाबालिग बालिका से हुई छेड़छाड़ के मामले में एक बार फिर ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। जिले के ग्राम देहरिया में सोमवार को दोपहर में उज्जैन-झालावाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-552जी पर ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया गया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और करीब डेढ़ घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा।स्थिति उस समय और गंभीर हो गई जब बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ विश्व हिंदू परिषद क्षेत्रीय गौरक्षा प्रमुख सोहन विश्वकर्मा, विहिप जिला मंत्री जितेश राठौड, बजरंग दल के कार्यकर्ता भी मौके पर डटे रहे और प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। गौरतलब है कि बीते बुधवार को एक नाबालिग बालिका अपनी सहेली के घर से लौट रही थी, तभी आरोपी अफरोज ने रास्ते में उसके साथ आपत्तिजनक हरकत की। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल आरोपी को गिरफ्तार कर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 74, 75(1)(प) 78(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 7 और 8 सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। घटना के बाद से ही ग्रामीणों में आक्रोश बना हुआ था।घटना के दिन प्रशासन ने आरोपी के मकान के पास बने अस्थायी निर्माण को हटा दिया था, लेकिन ग्रामीण पक्के मकान को भी अवैध बताते हुए उसे तोड़ने की मांग पर अड़े रहे। सोमवार को कार्रवाई नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया।

### राजगढ़ः हर्षोल्लास के साथ मनाया भाजपा स्थापना दिवस, राज्यमंत्री पंवार ने कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित

राजगढ़,(ए.)। मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले के ब्यावरा मंडल में सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के भाव के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुई, जिसमें प्रदेष के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री नारायणसिंह पंवार और बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। राज्यमंत्री पंवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 6 अप्रैल 1980 को स्थापित भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाला संगठन है। उन्होंने बताया कि कठिन परिस्थितियों और संघर्षों के बीच पार्टी की नींव रखी गई थी और कैसे कार्यकर्ताओं की निष्ठा ने इसे आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि उनके विचार आज भी पार्टी के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने वाजपेयी के प्रेरणादायक शब्द दोहराए कि "भारत माता केवल जमीन का टुकड़ा नहीं, बल्कि एक जीवंत राष्ट्र है।"

## स्कूटी ने महिला को टक्कर मारी घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया



मण्डला (ए.)। मंडला जिले के नेशनल हाईवे 30 पर सोमवार दोपहर सड़क हादसे में एक महिला घायल हो गई। ग्राम पंचायत माधोपुर अंतर्गत ग्राम जगनाथर में स्कूटी सवार ने पैदल चल रही रुक्मिणी पटेल (39) को टक्कर मार दी। रुक्मिणी पटेल जगनाथर की ही निवासी हैं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत घायल महिला को संभालते हुए हाइवे हेल्पलाइन 1033 व पुलिस को सूचना दी। सूचना पर टीम मौके पर पहुंची। घायल महिला को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी सवार की तेज रफ्तार के कारण यह हादसा हुआ। फिलहाल घायल महिला की हालत स्थिर बताई जा रही है।



# बैंक खाते से अब नहीं उड़ेंगे पैसे, ओटीपी चुराने वालों के लिए आ गई नई तकनी; हैकर्स के भी उड़ जाएंगे होश

नई दिल्ली (ए) तेजी से बढ़ रहे साइबर क्राइम और ऑनलाइन फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए अब एक बेहद हाईटेक तकनीक पर काम चल रहा है। बैंक और टेलीकॉम कंपनियां मिलकर जल्द ही 'साइलेंट ऑथेंटिकेशन' नाम का एक नया सिस्टम लाने वाली हैं, जिसके बाद ओटीपी चोरी होने पर भी जालसाज आपके बैंक खाते में सेंध नहीं लगा पाएंगे। यह नई तकनीक मौजूदा वन-टाइम पासवर्ड (OTP) का एक मजबूत और सुरक्षित विकल्प बनने जा रही है। फिलहाल यह सिस्टम टेस्टिंग फेज में है और इसके पूरी तरह लागू होते ही साइबर क्रिमिनल्स के सारे हथकंडे फेल हो जाएंगे, क्योंकि बैंक किसी भी संदिग्ध ट्रांजैक्शन को पलक झपकते ही ब्लॉक कर देंगे।

**क्या है साइलेंट ऑथेंटिकेशन ?**

इस नई और आधुनिक तकनीक को बैंकिंग सेक्टर के लिए एक्स्ट्रा लेयर ऑफ ऑथेंटिकेशन का नाम दिया जा रहा है। मौजूदा समय में ऑनलाइन पेमेंट या किसी भी ट्रांजेक्शन को पूरा करने के लिए यूजर्स को पासवर्ड के साथ-साथ अपने मोबाइल पर आने वाले ओटीपी को वेरिफाई करना होता है। ऐसे में जालसाज सिम स्वैप या कॉल फॉरवर्डिंग जैसी ट्रिक्स का इस्तेमाल करके लोगों के बैंक अकाउंट आसानी से खाली कर रहे हैं। अगर किसी हैकर के पास आपके कार्ड की डिटेल



और मोबाइल नंबर का एक्सेस पहुंच जाता है, तो वह पल भर में आपकी गाढ़ी कमाई उड़ा लेता है। पिछले कुछ महीनों में इस तरह के फ्रॉड के ढेरों मामले सामने आए हैं, जिसमें लोगों को करोड़ों रुपये का चूना लगा है। इसी बड़े खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए बैंक और टेलीकॉम कंपनियां इस नए समाधान पर काम कर रही हैं।

**बैकग्राउंड में कैसे काम करेगा यह स्मार्ट सिस्टम ?**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, साइलेंट ऑथेंटिकेशन तकनीक पूरी तरह से बैकग्राउंड वेरिफिकेशन पर आधारित होगी। इसमें स्क्रीन पर हैकर्स को भनक तक नहीं लगेगी कि बैंक उनके ट्रांजैक्शन पर गुप्त रूप से नजर रख रहा है। इस सिस्टम में असली यूजर की पहचान करने के लिए बैंक अकाउंट और ओटीपी के साथ-साथ मोबाइल डिवाइस की आईडी का भी इस्तेमाल किया जाएगा। जैसे ही बैंक खाते से कोई ट्रांजैक्शन शुरू होगा, बैंक रियल टाइम में यह वेरिफाई कर लेगा कि रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर वाला असली डिवाइस एक्टिव स्टेटस में है या नहीं।

**टेलीकॉम ऑपरेटर देंगे डिवाइस की सटीक जानकारी**

ट्रांजैक्शन के वक्त डिवाइस के एक्टिव स्टेटस की यह सटीक जानकारी टेलीकॉम ऑपरेटर के जरिए सीधे बैंक तक पहुंच जाएगी। इस तरह से बैंक को तुरंत पता चल जाएगा कि जो व्यक्ति ट्रांजैक्शन कर रहा है वह असली ग्राहक है या कोई हैकर किसी अन्य डिवाइस के माध्यम से इसे अंजाम दे रहा है। अगर ट्रांजैक्शन के वक्त असली डिवाइस एक्टिव नहीं मिलता है, तो बैंक तुरंत उस ट्रांजैक्शन को ब्लॉक कर देगा और आपका पैसा सुरक्षित रहेगा। फ्रॉड रोकने के लिए दूरसंचार विभाग की तरफ से भी पिछले काफी समय से इस खास तकनीक पर काम किया जा रहा है।

### मार्च में आईपीओ फाइलिंग बढ़ी, 38 कंपनियों ने सेबी के पास जमा कराए ड्राफ्ट पेपर

मुंबई (ए.)। भारत के आईपीओ मार्केट में मार्च 2026 में गतिविधियों में बढ़त देखने को मिली है और 38 कंपनियों ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) जमा कराएं हैं।

बीते साल मार्च में 22 कंपनियों ने, जबकि मार्च 2024 में 16 कंपनियों ने आईपीओ लाने के लिए डीआरएचपी जमा कराई थी।

बाजार के जानकारों का मानना है कि अधिक मात्रा में डीआरएचपी का आना कंपनियों का बढ़ता आत्मविश्वास और नियामक अनुमोदन की समयसीमा के अनुरूप रणनीतिक रूप से दाखिल किए गए दस्तावेजों का सही समय पर प्रस्तुत करना है।आने वाले हफ्तों में भी यह गति जारी रहने की उम्मीद है, क्योंकि कई कंपनियां अपने ड्राफ्ट पेपर जमा करने की तैयारी कर रही हैं।

### बैंकिंग सेक्टर में नौकरियों का सुनहरा अवसर, 1000 पदों पर निकली भर्ती, आवेदन प्रक्रिया शुरु

नई दिल्ली (ए.)। सरकारी बैंक में नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए पंजाब एंड सिंध बैंक ने लोकल बैंक ऑफिसर के पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। यह बैंक भारत सरकार के स्वामित्व वाला संस्थान है, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।

जारी अधिसूचना के अनुसार, इस भर्ती के तहत कुल 1,000 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए देश के अलग-अलग राज्यों में वैकेंसी निर्धारित की गई है। सबसे ज्यादा 200 पद उत्तर प्रदेश में हैं, जबकि गुजरात में 125 और पंजाब में 100 पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा छत्तीसगढ़ और ओडिशा में 80-80, तमिलनाडु में 65, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में 60-60 पद, असम में 50, तेलंगाना में 30, पश्चिम बंगाल में 30, हिमाचल प्रदेश में 20, अरुणाचल प्रदेश में 15, झारखंड और केरल में 10-10 और नागालैंड में 5 पद शामिल हैं।

इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। हालांकि, आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमों के अनुसार आयु में छूट दी जाएगी।

शैक्षणिक योग्यता की बात करें तो किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से ग्रेजुएशन करने वाले उम्मीदवार इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। पहले लिखित परीक्षा और उसके बाद इंटरव्यू। अंतिम चयन मेरिट के आधार पर किया जाएगा।

चयनित उम्मीदवारों को आकर्षक वेतन दिया जाएगा। इस पद पर नियुक्ति मिलने के बाद उम्मीदवारों को 48,480 रुपए से लेकर 85,920 रुपए तक का मासिक वेतन मिलेगा।

आवेदन शुल्क भी निर्धारित किया गया है। सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी वर्ग के उम्मीदवारों को 850 रुपए के साथ लागू टैक्स और पेमेंट गेटवे शुल्क देना होगा। वहीं, एससी, एसटी और पीडब्ल्यूडी वर्ग के उम्मीदवारों के लिए शुल्क 100 रुपए रखा गया है, जिस पर अतिरिक्त टैक्स और चार्ज लागू होंगे।

इच्छुक और योग्य उम्मीदवार ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 अप्रैल 2026 तय की गई है। उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे आवेदन फॉर्म भरने के बाद उसका प्रिंटआउट भविष्य के लिए सुरक्षित रख लें।

यह भर्ती उन युवाओं के लिए शानदार अवसर है, जो बैंकिंग सेक्टर में अपना करियर बनाना चाहते हैं।

## TRIUMPH ने भारत में लॉन्च की सबसे सस्ती 350CC बाइक्स, GST के नए नियम के बाद धड़ाम से गिरी कीमतें

नई दिल्ली (ए.)। अगर आप भी लंबे समय से एक दमदार और प्रीमियम मोटरसाइकिल खरीदने का सपना देख रहे थे, तो आपके लिए एक शानदार खुशखबरी है। भारी-भरकम टैक्स से बचने के लिए ब्रिटिश दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी ट्रायम्फ (Triumph) ने एक बड़ा दांव चला है। कंपनी ने अपनी मशहूर 400 सीसी सीरीज की बाइक्स के इंजन को छोटा कर दिया है, जिसका सीधा फायदा ग्राहकों की जेब को हुआ है। टैक्स कम होते ही इन प्रीमियम बाइक्स की कीमतों में इतनी बड़ी गिरावट आई है कि अब इन्हें खरीदना आम आदमी के बजट में भी पूरी तरह से फिट बैठ रहा है। केंद्र सरकार के नए टैक्स स्लैब ने ऑटोमोबाइल बाजार में एक नई हलचल पैदा कर दी है। दरअसल, 350 सीसी से ज्यादा की इंजन क्षमता वाले दोपहिया वाहनों पर अब 40 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया गया है। इतनी भारी टैक्स दर के साथ प्रीमियम बाइक्स को ग्राहकों के बजट में रखना कंपनियों के लिए लगभग असंभव हो गया था। इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए ट्रायम्फ ने अपनी 400 सीरीज के इंजन को 350 सीसी में तब्दील कर दिया। 350 सीसी से कम की बाइक्स 18 फीसदी टैक्स स्लैब में आती हैं, जिससे टैक्स का एक बड़ा हिस्सा बच गया और इसका सीधा लाभ ग्राहकों को कम कीमत के रूप में मिला।



# दक्षिण मध्य रेलवे ने 487 किलोमीटर रूट के लिए कवच क्षेत्र परीक्षण पूरा किया

हैदराबाद , (ए)। दक्षिण मध्य रेलवे ने 2025-26 के दौरान 487 किलोमीटर रूट के लिए कवच क्षेत्र परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है, जो रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। कवच स्वदेशी रूप से विकसित एक सुरक्षा प्रणाली है, जिसे मानवीय त्रुटि के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए डिजाइन किया गया है।यह किसी खतरे के सिग्नल को पार करने वाली ट्रेन के लिए स्वचालित रूप से ब्रेक लगा सकता है और स्पीड एवं सिग्नल की लगातार निगरानी करके सुरक्षित ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने में मदद करता है।दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) ने रविवार को कहा कि उसने सुरक्षा बढ़ाने के उपायों पर विशेष जोर दिया है और इस दिशा में पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एससीआर नेटवर्क में कवच 4.0 की स्थापना के लिए कदम उठाए गए।जोन ने रेलवे बोर्ड के 402 रूट किलोमीटर के लक्ष्य को पार करते हुए 487 रूट किलोमीटर की दूरी के लिए फील्ड ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।एससीआर ने एक बयान में कहा कि सावधानीपूर्वक योजना और प्रभावी कार्यान्वयन के परिणामस्वरूप यह शानदार उपलब्धि हासिल हुई है। जोन ने ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम भी शुरू कर दिया है, जिससे पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान 357 किलोमीटर के लक्ष्य के मुकाबले 479 रूट किलोमीटर (आरकेएम) की दूरी के लिए सेक्शन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलती है।कवच 4.0 इंस्टॉलेशन का फील्ड परीक्षण काजीपेट पेद्दामपेट (101 मार्ग किमी), मल्काजगिरि कामारेड्डी (106 मार्ग किमी), चारलापल्ली रघुनाथपल्ली (79 मार्ग किमी), गुंतकल रायचूर (120 मार्ग किमी), और मुदखेड परभणी (81) के बीच खंडों में आयोजित किया गया था। इन खंडों में लोको कवच का परीक्षण भी सफलतापूर्वक किया गया।पिछले वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान एससीआर ने काजीपेट बलहरशाह, विजयवाड़ा दुव्वाडा और वाडी रेनिगुंटा के बीच 479 रकमाल की दूरी के विभिन्न खंडों में ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम को चालू किया है।ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग एक ऐसी रेल संचालन प्रणाली है, जिसमें ट्रेनों की आवाजाही स्वचालित स्टॉप सिग्नलों द्वारा नियंत्रित होती है। ये सिग्नल ट्रेनों के गुजरने पर स्वचालित रूप से संचालित होते हैं।



### बांग्लादेश : ईरान संघर्ष का असर, ईंधन और खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ीं

नई दिल्ली (ए.)। ईरान संघर्ष का असर बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था पर भी दिखने लगा है। द डेली स्टार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ईंधन, उर्वरक, माल ढुलाई और विदेशी मुद्रा जैसे अहम क्षेत्रों पर दबाव बढ़ रहा है। भले ही बांग्लादेश इस संघर्ष क्षेत्र से भौगोलिक रूप से दूर है, लेकिन वैश्विक अर्थव्यवस्था से गहरे जुड़ाव के कारण इसका असर तेजी से महसूस हो रहा है।इस व्यवधान का सबसे बड़ा कारण स्ट्रेट ऑफ होर्मुज है, जहां से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और एलएनजी गुजरता है। इस मार्ग में किसी भी तरह की बाधा ऊर्जा आपूर्ति, शिपिंग और उर्वरक की उपलब्धता को प्रभावित करती है, जो कृषि के लिए बेहद जरूरी हैं।वैश्विक बाजार में इसका असर दिखने लगा है। कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी है, एलएनजी की आपूर्ति में देरी हो रही है और माल ढुलाई की लागत बढ़ रही है। उर्वरकों की कीमतों में भी उछाल देखा जा रहा है, जिससे खाद्य उत्पादन पर खतरा मंडरा रहा है।

# आखिरकार मुखर्जी काम्पलेक्स के नासूर रुपी जीना को दूसरी बार नपा ने फिर हटा दिया

## सतरस्ता क्षेत्र के व्यापारियों और मुखर्जी काम्पलेक्स के नागरिकों ने खुशी जाहिर की नपा ने अनावश्यक देरी करके हाई प्रोफाइल कर दिया था मामले को

नर्मदापुरम (निप्र)। नगर पालिका की मुखर्जी काम्प्लेक्स की बिल्डिंग में अवैधानिक अतिक्रमण कर मार्ग पर ही मनमानी व दादागिरी करते हुए कांग्रेस से ताल्लुकात रखने वाले के नासूर रूपी जीना को नपा ने एक बार फिर हटा दिया है। जीना हटाने के लिए नगर पालिका ने दो तीन बार चेतावनी दी लेकिन जीना लगाने वाले पर कोई असर नहीं हुआ। अवैधानिक जीने को हालाकि हटना ही था। जिसकी शिकायत व्यापारियों के द्वारा लगातार जनसुनवाई और अनेक फोरम पर की जाने के बाद भी नपा ने इतनी देरी की जिसकी बजह से मामला हाई प्रोफाइल जैसा हो गया था। पूरे शहर तथा प्रशासन स्तर पर विशेष चर्चा का विषय बन गया था। मुखर्जी काम्पलेक्स के मार्ग पर मनमानी पूर्वक अतिक्रमण करते हुए लगभग एक माह हो जाने के बाद सोमवार को नगर पालिका के द्वारा सीढी को हटा दिया गया है। इस मामले में नगर पालिका के द्वारा बहुत दिनों से सोचा विचारी की जा रही थी। एक बार तो नपा का अमला जीने को हटाने के लिए पहुंच गया था। लेकिन किसी नेता का फोन आ जाने के कारण अमला उल्टे पांव लौट आया था। उसके बाद व्यापारियों ने मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 181 पर तथा जिला प्रशासन को अनेक बार जनसुनवाई में आवेदन देकर जीने को हटाने की पुरजोर मांग की थी। इसके बाद भी जिला प्रशासन और नगर पालिका की सुस्ती बनी रही। अब दूसरी बार जीना हटाए जाने पर सतरस्ताा क्षेत्र के व्यापारियों और कर्मठ भाजपाईयों ने खुशी जाहिर की है। मुखर्जी काम्पलेक्स के मार्ग पर जीना लगाने से संबंधित को ही फायदा हो रहा था। बांकी के रहवासी व व्यवसायियों को तो आवागमन में परेशानी ही होना था। 40 दुकानों का मार्केट है। काम्पलेक्स में चारों तरफ जीना बने हुए हैं। उसके बाद भी अतिक्रमणकारी ने मार्ग पर करीब 4 फिट चौड़ा और 12 फीट से ज्यादा ऊंचा जीना लगाकर रास्ते को संकरा कर दिया गया था। व्यापारियों के आवेदन पर पूर्व में 15 दिसंबर को नगर पालिका ने जीना को एक बार हटा दिया था। लेकिन हठधर्मिता करते हुए उसी स्थान पर पुन: जीना लगा दिया था।



### मुखर्जी काम्पलेक्स की बूढी बिल्डिंग को बना हुआ था खतरा

बार बार जीना लगाने से मुखर्जी काम्पलेक्स की बूढी बिल्डिंग को खतरा बना हुआ था। क्योंकि इतना अधिक भारी लोहा लगाकर उसकी बार बार बेल्डिंग की जा रही थी। जिससे दीवार कमजोर हो रही थी। इससे पुराने भवन पर खतरा बन रहा था।

### मनमानी करते हुए पक्की कर ली थी सीढ़ी

अतिक्रमण करने वाले ने नपा को ठेंगा दिखाते हुए जो सीढ़ी कुछ कच्ची थी उसे दिन दहाड़े बेल्डिंग करवा कर पक्की कर ली थी। अतिक्रमणकर्ता को नगर पालिका और जिला प्रशासन का कोई डर नहीं लग रहा था। जिसकी शिकायत शासन प्रशासन को अनेक बार हो चुकी थी।

### नपा को देना पड़ा था नोटिस

जब दूसरी बार फिर से जीना लगा दिया गया तो व्यापारियों के द्वारा शिकायत होने पर सीएमओ ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया था। उसके बाद भी 24 घंटे में जीना हटाने की चेतावनी दी गई लेकिन चेतावनी को बहुत हल्के में लिया गया।

### जीना की हुई जब्ती

जो जीना लगाया था उसका नगर पालिका ने पंचमनामा बनाकर जब्ती कर ली है। जब्ती इसलिए भी जरूरी थी कि नपा ने जब 24 घंटे की चेतावनी दी थी तब ही हटा लेना था।

### एक व्यापारी को आया अटैक

जिन व्यापारियों को सीढ़ी लगने से परेशानी है उसकी टेंशन बढ़ती जा रही थी। शायद इसी कारण उसे अटैक आ गया था। उसका काफी दिनों तक भोपाल नागपुर में इलाज चला है। उसको अचानक भोपाल लेकर जाना पड़ा था।

### विधायक व प्रशासन भी हैं अतिक्रमण के खिलाफ

जिला प्रशासन व विधायक डॉ शर्मा भी अतिक्रमण हटाने के लिए आदेश देते रहे हैं। प्रशासन स्तर पर कमिश्नर और कलेक्टर भी यही बात दोहराते हैं। नगर पालिका के पास अमला है। जिस अतिक्रमण को एक बार हटा चुकी है उसी जगह पर फिर से अतिक्रमण हो जाना मनमानी नहीं तो और क्या है। हालाकि नपा ने देर से ही सही अतिक्रमण को हटाकर एक अच्छा कार्य किया है।

### भाजपा के स्थापना दिवस पर बड़ा कार्य

भाजपा के स्थापना दिवस पर कांग्रेसी ताल्लुकात रखने वाले के अतिक्रमण को हटाए जाने पर सतरस्ता व मुखर्जी काम्पलेस में विशेष चर्चा का दौर रहा।

### अब तीसरी बार तो नहीं लगेगा जीना ?

शहर में यह चर्चा हो रही है कि एक बार हटाए जाने के बाद दूसरी बार जीना लगा दिया गया था। तो क्या तीसरी बार फिर से तो जीना नहीं लग जाएगा।

# जय हो समिति के नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 293वां सप्ताह

नर्मदापुरम (निप्र)। जय हो समिति द्वारा संचालित नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान ने रविवार को अपना 293वां सप्ताह पूर्ण किया। विगत 293 सप्ताहों से यह अभियान निरंतर रूप से मां नर्मदा के पावन तटों की स्वच्छता एवं संरक्षण हेतु समर्पित है। इस अवसर पर समिति के स्वयंसेवकों ने प्रात:काल घाट पर एकत्र होकर स्वच्छता कार्य आरंभ किया। विवेकानंद घाट की सफाई, प्लास्टिक अपशिष्ट का संग्रहण, तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु जनजागरण अभियान भी चलाया गया। समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय ने कहा यह अभियान केवल सफाई का कार्य नहीं, बल्कि मां नर्मदा के प्रति हमारी श्रद्धा और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। हमारा उद्देश्य है कि नर्मदा घाट सदैव स्वच्छ, सुंदर और पूज्य बना रहे। इस अवसर अर्पित मालवीय, रमेश उपरारिया, परी उपरारिया, हर्षित पाल, पीतम चक्रवर्ती, संजू प्रजापति, राजा मालवीय, गणेश यादव, जतिन यादव, सागर पटेल, सौरभ वर्मा, अजय बावरिया, अनुराग वर्मा उपस्थित रहे।

# 05 करोड रुपए जमा होने के बाद भी पेंशन बढ़ोतरी मझधार में

नर्मदापुरम (निप्र)। मद्य विगत लगभग 8 वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन कर रहे इपीएफ 95 से संबंधित कर्मचारी दिल्ली जंतर मंतर से लेकर प्रदेश स्तर जिला स्तर पर आंदोलन कर चुके हैं लेकिन कर्मचारी भविष्य निधि में लगभग 5 लाख करोड रुपए जमा होने के उपरांत भी कर्मचारियों को सिर्फ 1000 से लेकर 1500 तक पेंशन प्राप्त हो रही है परिवहन निगम के पूर्व कर्मचारी नेता अरुण दीक्षित ने कहा कि इस भीषणमहंगाई में शासन एवं सरकार न जाने क्यों यह विचार नहीं कर पा रही कि इतनी कम पेंशन में किस प्रकार कर्मचारी अपने परिवार का भरण पोषण कर रहा होगा संसद में भी कई सांसदों ने इस विषय पर चर्चा करते हुए सरकार से अनुरोध किया है कि कर्मचारियों को उनके वैधानिक भुगतान का लाभ दिया जाना चाहिए लेकिन आश्वासन मात्र की अनुमति से संघर्षरतकर्मचारियों को आश्वासन दे दिया जाता है कि शीघ्र ही आपके द्वारा रखी मांगों को पूर्ण किया जाएगा परंतु आज तक निर्णय नहीं दिया गया जबकि कई कर्मचारी स्वर्गवासी हो चुके हैं।

# वार्ड 21 के रेवा रामायण मंडल को मिली भजन सामग्री, राज्यसभा सांसद ने किया सम्मानित

### परंपराओं के संरक्षण में भजन मंडलियों की भूमिका अहम : सांसद माया नारोलिया



नर्मदापुरम (निप्र)। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने आज अपने निज निवास स्थित कार्यालय पर सामाजिक और सांस्कृतिक सरोकारों को बढ़ावा देते हुए वार्ड क्रमांक 21 के विचित्र हनुमान मंदिर रेवा रामायण भजन मंडल को भजन सामग्री वितरित की।इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती नारोलिया ने कहा कि भजन मंडलियों की सक्रिय भागीदारी समाज में आध्यात्मिक चेतना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सांस्कृतिक पहलें हमारी गौरवशाली परंपराओं और नैतिक मूल्यों के संरक्षण में सहायक सिद्ध होती हैं।कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, संतोष मीना, सुन्दर अग्रवाल, विशाल दीवान सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।भजन सामग्री ग्रहण करने हेतु रेवा रामायण मंडल की अध्यक्ष श्रीमती सावित्री भदोरिया के नेतृत्व में उर्मिला सहरिया, पुष्पलता बामलिया, यशोदा सगोरिया, आशा पलिया, अंजना दुबे, मीना नामदेव, ममता गुप्ता, कांति बाथरी, मीना चौबे, काशी वर्मा, शशि श्रीवास्तव, विनीता रघुवंशी, शकुन सांकले और चित्रा शर्मा सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित थी।

# लोक नृत्य, कथक नृत्य, गायन एवं अभिनय कार्यशाला का हुआ शुभारंभ

नर्मदापुरम (निप्र)। साथी जनशिक्षण एवं संस्कृति समिति द्वारा लोक नृत्य, कथक नृत्य, गायन एवं अभिनय की कार्यशाला का आयोजन 06 अप्रैल से 13 अप्रैल तक किया जा रहा है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मालाखेड़ी एवं हाउसिंग बोर्ड दोनों स्कूल नर्मदापुरम में ये कार्यशाला छात्र छात्राओं के लिए निशुल्क की जाएगी एवं कार्यशाला की समापन पर प्रमाणपत्र भी प्रदान किए जाएंगे। इसी के साथ दूसरे सत्र में साथी संस्था द्वारा शाम 04 बजे से 7.00 बजे तक सरस्वती शिशु विद्या मंदिर मालाखेड़ी में नर्मदापुरम शहर के लोगों के लिए ओपन लोक नृत्य, कथक नृत्य, गायन एवं अभिनय कार्यशाला भी की जा रही है जिसमें बच्चे महिलाएं एवं सभी आयु वर्ग के इच्छुक व्यक्ति भाग ले सकते हैं। समिति सचिव रत्नेश साहू ने बताया कि इन कार्यशाला में त्रिदेवाशीष नृत्य एवं नाट्य अकादमी लखनऊ उ.प्र. से आमंत्रित प्रशिक्षक सुश्री तनुजा ओली सनवाल एवं अवंतिका शर्मा, कौमुदी श्रीवास्तव, योगिता त्रिपाठी द्वारा नृत्य व लोक नृत्य तथा नैतिक सिंह राजपूत एवं दीपक सिंह पोरवाल द्वारा गायन व लोक गीत का प्रशिक्षण दिया जाएगा एवं सहयोग दीप्ति मिश्रा, मालसी बेमासा, निकिता नाथ गोस्वामी द्वारा किया जाएगा। इस कार्यशाला में विशेष रूप से पांच अलग अलग राज्यों के लोक नृत्य एवं लोकगीतों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# नगरपालिका का 211 करोड़ से अधिक की राशि का बजट पास

### भोपाल तिराहे पर बनेगी पार्किंग, हेलीपेड बनेगा, 5 स्वागत द्वारों से सजेगा शहर





नर्मदापुरम (निप्र)। नपा परिषद के साधारण सम्मेलन में 211 करोड़ की अधिक की राशि का बजट के प्रस्ताव को हरी झंडी मिली। इस मौके पर अतिथि के रूप में मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा एवं राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। अतिथिद्वय के मार्गदर्शन में नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव द्वारा सर्वाग्रीण विकास को व केंद्र और राज्य सरकारों की परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए बजट प्रस्तुत किया।

### पार्किंग के साथ ही नगर में बनाए जाएंगे 5 स्वागतद्वार

मुख्यमंत्री की घोषणानुसार 15 करोड़ की लागत से भोपाल तिराहे पर पार्किंग बनाने हेलीपेड का निर्माण एवं नगर में 5 स्वागत द्वार बनाए जाने पर इसके साथ ही कोरीघाट नाले का पानी आजोनाइजेशन प्रक्रिया से शुद्ध करने का प्रस्ताव ध्वनि मत से पास हुआ। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर सम्मेलन सम्पन्न हुआ। बैठक में नपा उपाध्यक्ष अभय वर्मा, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र यादव, नेताप्रतिपक्ष अनोखे राजोरिया, सभापति, पार्षद एडरमेन उपस्थित रहे।

### 65 हजार रुपए का बचत का बजट प्रस्तुत

सम्मेलन में अनुमानित बजट 2 अरब 11 करोड़ 4 लाख 74 हजार की राशि का प्रस्तुत किया गया। जिसमें 2 अरब 11 करोड़ 4 लाख 9 हजार रुपए की राशि व्यय होने का अनुमान है। यह बजट करीब 65 हजार रुपए की बचत का है। साधारण सम्मेलन में 20 प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए जो सभी ध्वनिमत से पास हुए।

### नेहरू पार्क का होगा विस्तार

बैठक में नर्मदा लोक फेस 2 के विस्तार के लिए 15 करोड़ की राशि भी शामिल है। इसके अलावा मुख्यमंत्री अधोसंरचना 4.0 के तहत अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। जिसमें नेहरू पार्क का विस्तार, काम्प्लेक्स, ट्रेंचिंग ग्राउंड पर कचरा निपटान के बाद पार्क का निर्माण किया जाएगा। बजट में अध्यात्मिकता का भी ध्यान रखा गया है जिसमें गीता भवन बनाए जाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी मिली।

### गंदगी करने पर प्रतिदिन लगेगा जुर्माना

सभी सभापति पार्षद और एडरमेलन द्वारा गंदगी करने वालों पर प्रतिदिन जुर्माना लगाए जाने के प्रस्ताव मेज थपथपाकर ध्वनि मत से पास किया गया। साथ ही कचरा गाड़ी में प्रतिदिन इसका प्रचार करने की बात कही गई।

### एल्डरमेन का किया स्वागत

अमृता सभाकक्ष में एल्डरमेन राम नवलानी, राजेश अत्रे, ज्योति रैकवार, संतोष मीना, अर्चना वर्मा, हीरामणी भावसार का स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नारोलिया एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक डॉ शर्मा द्वारा उन्हें मार्गदर्शन दिया गया।

### 'पीआईसी की बैठक संपन्न'

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि साधारण सम्मेलन से पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव की अध्यक्षता में पीआईसी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, सभापतिगण उपस्थित रहे। पीआईसी में 15 विकास कार्य रखे गए थे। जिस पर सभापतिगणों द्वारा अपनी मुहर लगाई गई।

# एक व्यक्ति जिसने पुलिस विभाग के साथ समाज को भी गोरवान्वित किया



नर्मदापुरम (निप्र)। बचपन से ही नर्मदा पुरम में शिक्षा दीक्षा प्राप्त कर जबलपुर रॉबर्टसन कॉलेज में उच्च शिक्षा प्राप्त कर लगभग 70 वर्ष पूर्वनागपुर में चल रहे हॉकी टूर्नामेंट के तहत डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस द्वारा खेल देखते हुए युवा खिलाड़ी रवि शंकर दीक्षित से पूछा कि तुम पुलिस विभाग में आना चाहोगे उन्होंने हां कहा और तुरंत उनका इंटरव्यू लेते हुएसागर पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में सब इंस्पेक्टर ट्रेनिंग हेतु भेज दियागया ट्रेनिंग समाप्त होने उपरांत रायपुर में ग्वालियर में नेपानगर में झांसी में भोपाल में उन्हें सेवा कार्य करने का मौका मिला जिसके तहत वह एडिशनल एसपी मुख्य सुरक्षा अधिकारी रेलवे पब्लिक प्रॉसिक्यूटर आरटीओ इत्यादि विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंनेईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा की मिसाल कायम की जिसके तहत उन्हें राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया ऐसे पुलिस अधिकारी को तत्कालीन डायरेक्टर जनरल ऑफ़ पुलिस बी एम शुक्ला आर एन नागू सुरजीत सिंह केएस नटराजन सहित अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा उन्हें सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की नर्मदा पुरम में पूर्व पुलिस अधीक्षक रहे मोदी उन्हें अपना गुरु मानते थे उनके बड़े पुत्र स्वर्गीय डॉक्टर शिव शंकर दीक्षित साइंटिस्ट स्वर्गीय किरण शंकर दीक्षित डीएसपी स्वर्गीय दिलीपदीक्षित स्टोर इंचार्ज थे आजउनकी पुण्यतिथि पर उनके पुत्र अरुण दीक्षित संतोष दिक्षित सहित सभी परिवार जनों ने श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें नमन।

# भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मना

नर्मदापुरम (निप्र)। भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस मनाया गया। बताया गया कि जिले के 1283 बूथों पर पार्टी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने.अपने बूथों पर पार्टी का ध्वज फहराकर स्थापना दिवस मनाया।

# युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 10 अप्रैल को

### रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

नर्मदापुरम (निप्र)।केंद्र शासन व पदेश शासन की योजना के तहत जिला रोजगार कार्यालय के द्वारा हर माह की तरह इस बार भी युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन इस बार 10 अप्रैल को होना है। जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवकध्युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 10 अप्रैल 2026 को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय इटारसी जिला नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का दायित्व श्रीमती बबीता राठोर डिप्टी कलेक्टर जिला नर्मदापुरम को सौंपा है। तथा रोजगार मेला के आयोजन संबंधी अन्य कार्यो एवं व्यवस्थाओं के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

# नरवाई जलने की घटनाओं पर कड़ी कार्रवाई: FIR और जुर्माना लगाया गया



नर्मदापुरम (निप्र)। नरवाई प्रबंधन हेतु निरंतर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पिपरिया, राजस्व विभाग एवं विभिन्न विभागों से बनाए गए नोडल अधिकारी, सहायक नोडल सतत भ्रमण कर रहे हैं। जिनके द्वारा किसानों को जागरूकता के अतिरिक्त जिन-जिन क्षेत्रों में नरवाई जली पाई जा रही है उसे समय पर बुझाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अन्य खेतों में आग ना फैले।तहसील पिपरिया अंतर्गत नरवाई की घटना पाए जाने पर ग्राम ठूठा- दहलवाड़ा के 12 व्यक्तियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। अनुविभाग पिपरिया अंतर्गत आज दिनांक तक 68 व्यक्तियों के विरुद्ध 2 लाख 97 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल, कलेक्टर एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी पिपरिया के प्रतिबंधात्मक आदेशों के अंतर्गत जहां-जहां भी नरवाई जलाने की घटना पाई जाएगी संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध जुर्माना अधिरोपित करने एवं नरवाई प्रवन्धन मे असहयोग करने, नरवाई जलाने की घटनाओ को बढ़ावा देने सम्वधी चिन्हित व्यक्तियों के विरुद्ध स्नङ्कक्र दर्ज कराने हेतु प्रकरण तैयार किये जा रहें है।

# लोक सभा सांसद की अनुशंसा पर 03 निर्माण कार्य

नर्मदापुरम (निप्र)। सांसद लोकसभा दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा सांसद निधि से 03 निर्माण कार्य के लिए 02 लाख 49 हजार 118 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लोक सभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी की अनुशंसा पर नगर नर्मदापुरम के वार्ड नं 27 भीलपुरा वार्ड में शंकर मंदिर राजघाट के पास सार्वजनिक कवर्ड बैठक (टीन शेड) निर्माण के लिए 79 हजार 986 रूपये, नगर नर्मदापुरम के वार्ड क्रं 24 रसूलिया में सिंगाजी मंदिर के पीछे फुटपाथ निर्माण के लिए 99 हजार 169 रूपये तथा नगर नर्मदापुरम के वार्ड नं 26 रेवागंज वार्ड में खेडापति मंदिर के पास सार्वजनिक कवर्ड बैठक स्थल के लिए 69 हजार 963 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# कलेक्टर के निर्देशानुसार एसडीएम पिपरिया ने किया बनखेडी तहसील का निरीक्षण

### वर्षा एवं ओलावृष्टी से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण एवं ओलावृष्टी से प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) आकिप खान द्वारा तहसील बनखेड़ी के ग्राम धड़ावा पड़ाव, डंगरहाई एवं बिजनहाई का भ्रमण कर गत दिवस तेज वर्षा, हवा एवं ओलावृष्टि से हुई फसल एवं अन्य नुकसानी का निरीक्षण किया गया।



निरीक्षण के दौरान ने मौके पर उपस्थित हल्का पटवारी एवं सर्वे टीम को सख्त निर्देश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों का गंभीरता से सर्वे कार्य किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी प्रभावित व्यक्ति का नुकसान सर्वे से छूटने न पाए। उन्होनें कहा कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं नागरिक की हानि का सही आंकलन कर समय पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए जिससे शासन द्वारा नियमानुसार सहायता प्रदान की जा सके।

जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए नुकसान के आंकलन की कार्यवाही प्रथमिकता के साथ की जा रही है ताकि प्रभावितों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराई जा सके।

*स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com*